**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1688**

**13 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

**इस्पात की कीमतों में वृद्धि**

**1688. श्री डी. एम. कथीर आनन्द :**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विगत दो वर्षों के दौरान इस्पात की अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा देश में लौह और इस्पात की घरेलू कीमतों को कम करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने घरेलू तथा औद्योगिक उपयोग दोनों के लिए आयातित इस्पात की निर्भरता को कम करने और लोहे और इस्पात के मूल्यों को नियंत्रित करने हेतु कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में लौह और इस्पात की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लौह और इस्पात समूह के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ड) विभिन्न उद्योगों से एकत्र किए गए लौह स्क्रैप के पुनर्चक्रण से कितनी मात्रा में लोहे का उत्पादन होता है और पुनर्चक्रित लोहे के उत्पादन की स्थिति क्या है ?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): लौह एवं इस्पात की महत्वपूर्ण सामग्रियों के औसत स्वदेशी बाजार मूल्य में नवंबर, 2021 की तुलना में नवंबर, 2023 में गिरावट दर्ज की गई है:

| सामग्री | औसत बाजार मूल्य (रिटेल) ₹ प्रति टन में (जीएसटी को छोड़कर) | | |
|---|---|---|---|
| | नवंबर 2021 | नवंबर 2023 | % परिवर्तन |
| पिग आयरन | 46625 | 43469 | -7 |
| पैंसिल इनगॉट्स | 46237 | 42915 | -7 |
| 8 एमएम के वायर रॉड्स | 55388 | 52220 | -6 |
| 12 एमएम राउंड्स | 55540 | 52949 | -5 |
| 10 एमएम टीएमटी | 57314 | 53271 | -7 |
| 10 एमएम प्लेट्स | 69852 | 57636 | -17 |
| 2.00 एमएम एच. आर. कॉइल्स | 71623 | 58216 | -19 |
| 0.63 एमएम सी. आर. कॉइल्स | 78860 | 62966 | -20 |
| 0.63 एमएम जी.पी. शीट्स | 85237 | 68032 | -20 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) | | | |

इसी प्रकार, नवंबर, 2021 की तुलना में नवंबर, 2023 के दौरान चीन, यूएसए तथा ईयू के लिए चुनिंदा सामग्रियों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में निम्नानुसार गिरावट दर्ज की गई:

(मूल्य ₹ प्रति टन में)

| मद | चीन | | | यूएसए | | | ईयू | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नवंबर 21 | नवंबर 23 | % परिवर्तन | नवंबर 21 | नवंबर 23 | % परिवर्तन | नवंबर 21 | नवंबर 23 | % परिवर्तन |
| रीबार | 51275 | 40674 | -21 | 74720 | 69103 | -8 | 63599 | 55931 | -12 |
| एचआर कॉइल्स | 57188 | 43302 | -24 | 136601 | 75307 | -45 | 84933 | 53279 | -37 |
| सीआर कॉइल्स | 64920 | 55011 | -15 | 158684 | 93873 | -41 | 92736 | 60297 | -35 |
| जीपी शीट्स | 69286 | 59056 | -15 | 159579 | 108027 | -32 | 97557 | 68043 | -30 |
| स्रोत: फास्ट मार्केट्स मेटल बुलेटिन; नोट:- मूल्य कार्यों के अतिरिक्त है। | | | | | | | | | |

(ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधाप्रदाता की है। आयात तथा निर्यात से संबंधित निर्णय बाजार पर आधारित होते हैं और इस्पात कंपनियों द्वारा प्रौद्योवाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर लिए जाते हैं। सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की सुरक्षा और संवर्धन के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

(i) भारत में निर्मित इस्पात की खरीद को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी रूप से विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआईएंडएसपी) नीति को अधिसूचित करना।

(ii) गैर-मानकीकृत इस्पात के विनिर्माण और आयात को बंद करने के उद्देश्य से इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश का कार्यान्वयन करना।

(iii) इस्पात आयातों का अग्रिम पंजीकरण करने हेतु इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) का कार्यान्वयन करना।

(iv) 6322 करोड़ रु. के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अधिसूचित करना।

(घ): ऐसे कोई प्रस्ताव विचााराधीन नहीं हैं।

(ड.): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है जहां कच्चा माल के उपयोग तथा इस्पात के उत्पादन के लिए अपनाई जाने वाली पद्धति से संबंधित निर्णय एकल कंपनियों द्वारा अपनी प्रौद्यो-आर्थिक व्यवहार्यताओं के आधार पर लिए जाते हैं।

*****